दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली ।। शनिवार 27 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 197 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3



## दूसरे चरण की आठ सीटों पर मतदान सम्पन्न

### पिछली बार से कम हुआ मतदान



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़ कर सकुशल सम्पन्न हो गया। हालांकि 2019 के मुकाबले इस बार इन आठ सीटों पर मतदान कम हुआ। शाम पांच बजे तक अमरोहा में सर्वाधिक 61.89 प्रतिशत वोट पड़ चुके थे और सबसे कम 46.96 प्रतिशत वोट मथुरा में पड़े हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अनुमान जताया कि दूसरे चरण की इन आठ सीटों पर 55 से 60 प्रतिशत के बीच मतदान की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण और सुचारु ढंग से सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान 48 पोलिंग बूथों पर ईवीएम की बैलेट यूनिट, कण्ट्रोल यूनिट और वीवीपैट यानि पूरा सेट शिकायत पाए जाने पर बदले गये। इसी तरह 160 पोलिंग बूथों पर वीवीपैट बदले गये।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान करीब 150 शिकायतें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्राप्त हुईं। इनमें ईवीएम की खराब, बिजली न आने, पोलिंग एजेण्ट को पुलिस द्वारा हटाने, मतदाता पहचान सही ढंग से न होने से संबंधित शिकायतें थीं।

# गाजियाबाद लोकसभा चुनाव का मतदान 49.80% पर सिमटा

## नहीं दिखाया वोटर्स ने जोश, रह गए लोकतंत्र का पर्व मनाने में खामोश

## साल 2014 में 56.94% 2019 में 55.86% रहा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मतदान हुआ और मतदान का प्रतिशत इस बार पिछले दो लोकसभा चुनाव की तुलना में काम रहा है। मतदान कम होने का कारण अलग-अलग माना जा रहा है लेकिन जिस तरीके से दोपहर बाद मतदान केंद्र खाली होने शुरू हो गए थे। वह बता रहा था कि मतदान को लेकर लोगों का उत्साह नहीं दिख रहा है। सूचना विभाग गाजियाबाद से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद का ओवर ऑल मतदान लगभग 49.80 प्रतिशत के आसपास रहा है। तो वहीं सुबह से लेकर शाम तक अलग-अलग मतदान प्रतिशत देखने को भी मिला है। लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, धौलाना, मोदीनगर बागपत लोकसभा के अंतर्गत आने वाले मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में भी मतदान हुआ। मतदान का कम प्रतिशत जहां अधिकारियों द्वारा मतदान बढ़ाने के कई तरह के प्रयासों पर सवाल उठा रहा है। तो वहीं मतदाताओं द्वारा पोलिंग बूथ तक न पहुंचने के पीछे के कारणों का मंथन पार्टी से लेकर अधिकारियों तक किया जाना शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ मंडल में गाजियाबाद का मतदान प्रतिशत बेहद कम रहा है। जो नेताओं से लेकर प्रशासनिक तंत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

**सुबह दिखा था मतदान का उत्साह लेकिन गर्मी ने किया भरपूर परेशान**







## तेज धूप, वीकेंड हॉलिडे और दिल्ली में छुट्टी ना होना रहा कम वोटिंग का कारण ?

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को लोकसभा का मतदान था, तो मौसम बेहद गर्म रहा। सुबह से ही तेज धूप खिली हुई थी और दोपहर तक पारा-41 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया था। गर्मी ने लोगों को घरों से निकलने से रोकने का काम किया। तो वहीं दिल्ली में नौकरी और पढ़ाई के साथ-साथ नौकरीपेशा लोगों की संख्या अधिक है, जो गाजियाबाद में निवास करते हैं। ऐसे में मतदान का प्रतिशत कम होना भी एक कारण यह भी माना जा रहा है। साथ ही शुक्रवार को मतदान के लिए अवकाश था, वहीं शनिवार और रविवार का भी अवकाश है। ऐसे में तीन दिनों का वीकेंड हॉलीडे मिलने के चक्कर में बृहस्पतिवार की रात को ही बड़ी संख्या में लोग यहां से लंबी वीकेंड पर निकल गए हैं और इसका असर मतदान के प्रतिशत पर लोकसभा सीट गाजियाबाद में भी पड़ा है।

## साल 2014 और 2019 से कम रहा मतदान

करंट क्राइम : साल 2014 में गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान जहां 56.94 दर्ज किया गया था। तो यह घटकर 2019 में 55.86 जा पहुंचा था। इसी के साथ वर्ष 2024 में गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान प्रतिशत खबर लिखे जाने तक 49.80 दर्ज किया गया है। हालांकि यह फाइनल आंकड़ा नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक फाइनल रिपोर्ट चुनाव आयोग की टीम को भेजी ना जाएगा, उसमें कुछ प्रारंभिक परिवर्तन हो सकता है। कुल मिलाकर अगर कहा जाए तो बीते एक दशक के चुनाव के दौरान गाजियाबाद का यह मतदान प्रतिशत सबसे कम दर्ज किया गया है।

## जमकर मिली शिकायतें, खूब बदली गई खराब मशीनें

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शुक्रवार को गाजियाबाद की अलग-अलग विधानसभा सीटों पर लोकसभा के लिए मतदान किया गया। गाजियाबाद का कुल मतदान प्रतिशत 49.80 दर्ज किया गया है। साथ ही प्रशासन द्वारा हर 2 घंटे में जो आंकड़ा जारी किया गया था, उसमें भी सुबह से लेकर देर शाम के आए आंकड़ों में भारी बदलाव देखने को मिला। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सीविजिल ऐप पर कुल 9 शिकायतें प्रशासन को प्राप्त हुई हैं। तो वहीं हेल्पलाइन नंबर कंट्रोल रूम 1950 पर 50 शिकायतें आई थीं। इसी के साथ मोबाइल फोन और टेलीफोन पर कुल 64 शिकायतें दर्ज की गई। ईवीएम खराब होने की बात की जाए तो कुल 17 बीजू, 40 सीयू और 107 वीवीपैड को बदलने के लिए इस दौरान शिकायतें मिली, जिनको बदलने का काम किया गया।

## गाजियाबाद लोकसभा सीट पर हुए मतदान का चार्ट

मतदान का कुल प्रतिशत 49.80

| विधानसभा | 9:00 बजे | 11:00 बजे | 01:00 बजे | 03:00 बजे | 05 बजे तक | 06:00 बजे तक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोनी | 12.8 | 27.10 | 37.5 | 44.5 | 52.40 | 54.3 |
| मुरादनगर | 11.87 | 23.92 | 35.88 | 44.02 | 52.26 | 54.08 |
| साहिबाबाद | 08.25 | 20.05 | 29.88 | 36.14 | 41.53 | 42.84 |
| गाजियाबाद | 09.74 | 21.00 | 32.14 | 39.45 | 46.23 | 47.9 |
| धौलाना | 13.78 | 27.58 | 39.49 | 48.04 | 57.46 | 59.31 |
| मोदीनगर | 10.05 | 24.45 | 36.25 | 46.19 | — | 55.74 |




आईपीएस कल्पना सक्सेना मताधिकार का प्रयोग करने के बाद स्याही का निशान दिखाती हुईं।





जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह मतदान करने के बाद स्याही का निशान दिखाते हुए।


पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र अपनी पत्नी के साथ मतदान करने के बाद।


महापौर सुनीता दयाल ने अपनी पुत्री के साथ मताधिकार का प्रयोग किया।

## जनरल वीके सिंह करने पहुंचे मतदान, सवालों पर कहा 4 जून का करें इंतजार

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद के निवर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने अपने परिवार के साथ शुक्रवार को मतदान करने के लिए राजनगर स्थित शिलर इंस्टीट्यूट के केंद्र पर पहुंचे थे। यहां जनरल वीके सिंह के साथ उनकी पत्नी भारती सिंह, पुत्री मृणालनी और उनके पति पहुंचे थे। चारों ने यहां मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए जनरल वीके सिंह ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी सरकार 400 के पार जा रही है। इस दौरान पत्रकारों ने जब एक खास जाति के टिकट काटने और नाराजगी की बात की तो उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। साथ ही जब उनसे पत्रकारों ने सवाल पूछा कि अपने लोकसभा चुनाव लड़ने से मना किया था। आने वाले दिनों में आप राजनीति में क्या करते हुए नजर आएंगे तो इस पर जनरल वीके सिंह ने कहा कि इसके लिए चार जून तक का इंतजार किया जाना चाहिए। जनरल वीके सिंह ने कहा है कि लोगों ने विकास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट किया है।

## प्रमुख राजनीतिक चेहरों ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग


भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा अपनी पत्नी के साथ।


पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी अपनी धर्म पत्नी पूर्व विधायक हेमलता चौधरी एवं भांजे विवेक भाटी के साथ


भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने परिवार संग डाला वोट।


विधायक अजीत पाल त्यागी पत्नी के साथ वोट देने मतदान केंद्र पर पहुंचे।


राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप परिवार के साथ वोट करने पहुंचे।


खतौली विधायक मदन भैया मताधिकार का प्रयोग करने के बाद।


मृणालिनी सिंह अपने पति के साथ मताधिकार का प्रयोग करने के बाद।


महंत नारायण गिरी ने भी मताधिकार का किया प्रयोग।


एमएलसी दिनेश गोयल ने धर्मपत्नी के साथ मतदान किया।


सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल


आम नागरिक की तरह लाइन में लगकर डाला विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने वोट।


भाजपा नेता एवं उद्यमी संजीव गुप्ता ने परिवार के साथ किया मतदान।


डॉ. पीएन अरोड़ा व उपासना अरोड़ा वोट देने के बाद स्याही का निशान दिखाते हुए।

# कमिश्नरेट सिस्टम में पहला लोकसभा चुनाव रहा शांतिपूर्वक

## सिटी से लेकर नदियापार और देहात तक कंट्रोल में रही कानून व्यवस्था










### नहीं हुई लॉ एंड ऑर्डर की कोई भी परेशानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लोकसभा का पहला चुनाव शांतिपूर्वक निपटा। शहर से लेकर नदियापार और देहात से लेकर लाइनपार तक किसी भी इलाके में चुनावी ड्यूटी के दौरान पुलिस को लॉ एंड ऑर्डर की समस्या नहीं झेलनी पड़ी। इसके साथ ही सुबह 6 बजे से ही पुलिस के आलाधिकारी सड़कों पर आ गए थे और देर रात तक ईवीएम जमा कराने के काम में अधिकारी लग रहे। गाजियाबाद के कुल 841 मतदान केंद्रों पर 27 जोन मजिस्ट्रेट की देखरेख में मतदान हुआ। मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चली। इस दौरान कई इलाकों पर ईवीएम और वीवीपैड की शिकायतें जरूर हुई लेकिन कहीं पर भी पुलिस को बल प्रयोग नहीं करना पड़ा। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पहले लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी। जिसमें बीएसएफ, सीआईएसएफ ,सीआरपीएफ, आइटीबीपी के साथ ही मणिपुर और पंजाब की स्पेशल फोर्स और पीएसी के जवानों को तैनाती दी गई थी।






### अधिकारियों ने संभाले रखी, सुबह से लेकर शाम तक कमान

**करंट क्राइम** ।पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लोकसभा का चुनाव था। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने खुद सुबह मतदान करने के बाद साहिबाबाद और लोनी के इलाकों का निरीक्षण किया था। तो वहीं एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना, एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सिंह, एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद और एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार के साथ ही कमिश्नरेट के सभी एसीपी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे और शांतिपूर्वक मतदान करने के लिए जुटे रहे। इस दौरान एसीपी घंटाघर कोतवाली प्रियाश्री पाल द्वारा विजयनगर में बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों का सहयोग करने का काम भी किया। जिसकी सोशल मीडिया पर लोगों ने जमकर तारीफ करते हुए प्रशंसा की। वहीं कवि नगर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव मतदान खत्म होने के बाद देर रात तक ईवीएम जमा करने की ड्यूटी में लग रहे। वहीं एसीपी नंदग्राम रवि सिंह, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह, एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम, एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा, एसीपी मसूरी नरेश सिंह, एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन सहित सभी स्थानों के प्रभारी एक्टिव मोड में देखे गए।

### पुलिस की प्लानिंग थी डिफरेंट ताकि पब्लिक ना हो परेशान

**करंट क्राइम** ।पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत हुए लोकसभा चुनाव में मतदान शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस ने अपनी प्लानिंग में थोड़ा सा डिफरेंट किया था। इस बार सड़कों पर लोगों को आसानी से निकलने दिया गया, तो वही आवश्यक सेवाओं की दुकानों भी आसानी से खुली रही। पुलिस ने मतदान बूथ के आसपास ही थोड़ी सख्ती रखी, अन्य स्थानों पर प्रतिदिन की तरह वाहन चल रहे थे। हालांकि बाजार बंद होने की वजह से वाहनों का दबाव भी कम ही था। कुछ इलाकों में सड़के खाली देखी गई, तो कुछ स्थानों में मतदान का कोई खास असर देखने को नहीं मिला। पुलिस ने सड़कों पर निकलने वाले लोगों को परेशान भी नहीं किया।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखी गई ईवीएम मशीनें





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने के बाद इस्तेमाल की गई ईवीएम को गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी के स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। जहां अर्ध सैनिक बलों की निगरानी में स्ट्रांग रूम में मशीनें रहेगी। साथ ही स्थानीय पुलिस के साथ ही यहां सीसीटीवी की भी निगरानी रखी जाएगी। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी के साथ ही अर्ध सैनिक बलों की प्लाटून तैनात की गई हैं, जो 24 घंटे इसकी निगरानी रखेगी। इसके साथ ही अलग-अलग पार्टियों के प्रत्याशियों को भी यहां के बारे में सूचना दी जाएगी। चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए सभी ईवीएम मशीनों को सुरक्षित स्थानों पर रखने के लिए पूरा इंतजाम किया गया है।

### स्कूल प्रबंधक पर फर्जी मतदान कराने का आरोप

#### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी पुलिस को तहरीर

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा क्षेत्र के इंदिरापुरी बीआरएस कॉन्वेंट स्कूल में फर्जी मतदान की सूचना पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार स्कूल प्रबंधक द्वारा ही फर्जी मतदान कराया जा रहा था।

### विधायक प्रतिनिधि सहित सैकड़ों लोगों का नाम वोटर लिस्ट से गायब

**लोनी, करंट क्राइम।** भाजपा का गढ़ कहे जाने वाली बलरामनगर, लालबाग कॉलोनी से कई लोगों का नाम मतदाता सूची से गायब है। डी-42,बलरामनगर लोनी निवासी कैलाश चंद गर्ग, डी-61 बलरामनगर कॉलोनी निवासी, जगदीश प्रसाद, उनके बेटे डा. संजीव, पुत्रवधू रजनी की वोट काट दी गई।

जबकि उनके पौत्र अभय और पौत्री मानसी की वोट बनाई ही नहीं गई। लालबाग कॉलोनी निवासी कुनाल गुप्ता, नवीन कुंज कॉलोनी निवासी हरीश ने बताया कि उनके पिता राजबीर सिंह, माता योगेश्वरी, पत्नी रीना की वोट काट दी गई। विकास नगर कॉलोनी निवासी सुमित त्यागी, पिंकी त्यागी, कुलदीप त्यागी, रजनी त्यागी की वोट काट दी गई। अंजलि विहार कॉलोनी निवासी नेत्रपाल और उनकी पत्नी माधुरी की वोट काट दी गई। इसके अलावा इंद्रापुरी, रामपार्क, रामेश्वर पार्क आदि दर्जनों कॉलोनियों से सैकड़ों लोगों की वोट गायब हैं।

## पहली बार वोट डालकर खुश हुए युवा

**लोनी, करंट क्राइम।** कई युवा मतदाताओं ने पहली बार मतदान किया और अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें मतदान करने के लिए निर्णय लेने के बाद पहली बार जिम्मेदार होने का एहसास हुआ है।

बलरामनगर कॉलोनी निवासी मान्या गुप्ता, निलांशु गर्ग, रामपार्क कॉलोनी निवासी आशू, कविता, अर्चना, कनिष्का बंसल, जितेन्द्र बंसल, हर्ष अग्रवाल, रोहित मावी आदि ने मतदान किया।



### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लाइन में लगकर वोट डाला

**करंट क्राइम।** स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सुबह करीब आठ बजे अपने गनौली गांव के मतदान केन्द्र पर लाइन में लगकर वोट डाला। जबकि भारत सिटी के मतदान केन्द्र पर दिव्यांग बुजुर्ग को व्हीलचेयर पर ले जाकर वोट डलवाई। नगर के पूर्व चेयरमैन डा. विनोद बंसल ने गढ़ी कटैया गांव के मतदान केन्द्र पर 90 वर्षीय शीशराम आदि को वोट डलवाने में मदद की।

## शानदार थी प्रशासन की व्यवस्था : हिमांशी शर्मा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जन मानव उत्थान समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशी शर्मा ने अपने नजदीकी मतदान बूथ पर अपनी सभी नजदीकी बहनों-भाइयों को वोट डलवाने के साथ-साथ अपने मतदान का प्रयोग किया। हिमांशी ने कहा, देश की उन्नति और तरक्की के भागीदार बनने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रशासन की व्यवस्था बहुत बढ़िया थी इसीलिए मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लोकतंत्र के इस महाकुंभ में अपने सहयोग के साथ-साथ मत का प्रयोग जरूर करें। देश के अन्य भागों में अभी चुनाव बाकी है। मेरी अपील है उन सभी बहनों-भाइयों से जिनकी वोट बन चुकी है। वह अपने वोट का प्रयोग जरूर करें। अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें ताकि हम सभी देश को तरक्की के रास्ते पर ले जा सके।



## चिलचिलाती धूप भी नहीं रोक सकी मतदाताओं के कदम






**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान केन्द्रों पर सुबह से लम्बी कतारे लगनी शुरू हो गई थीं। चिलचिलाती धूप भी मतदाताओं के कदम नहीं रोक सकी। कई मतदान केन्द्रों पर समाजसेवी संस्थाओं ने मतदाताओं को पेयजल उपलब्ध कराया। बुजुर्ग और दिव्यांगों को युवाओं ने वोट डलवाए। लोनी में निर्धारित समय पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। बलरामनगर, गढी कटैया, राहुल गार्डन, टीलाशहबाजपुर, जवाहरनगर, पाबीसादकपुर, गनौली, सिरोली आदि के मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। लाइन में लगे लोगों ने घंटों इंतजार कर वोट डाले।

### मतदान केंद्रों पर लगी लम्बी कतारें

**करंट क्राइम।** दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी भी बढ़ने लगी, लेकिन बदन झुलसा देने वाली चिलचिलाती धूप भी मतदाताओं के कदम नही रोक सकी। दोपहर में लोग मतदान करने पहुंचते रहे। हालांकि दोपहर एक से तीन बजे तक मतदान कुछ धीमा रहा, लेकिन उसके बाद मतदान केन्द्रों पर फिर से लम्बी कतारे लगीं। मंडोला के प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र पर मां भारती की टोली ने भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रामकुमार त्यागी के नेतृत्व में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया। युवा बुजुर्गों और दिव्यांगों को वोट डलवाने में शाम तक मदद करते रहे। स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भारत सिटी में एक दिव्यांग बुजुर्ग को व्हीलचेयर पर मतदान केन्द्र पर ले जाकर मतदान कराया। जबकि नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन ने अपने गढ़ी कटैया मतदान केन्द्र पर कई बुजुर्गों को मत डालने में मदद की। शाम के समय इंद्रापुरी कॉलोनी के बीआरएस कावेंट स्कूल में स्कूल प्रबन्धक पर पक्षपात का आरोप लगा, जिस पर भाजपा कार्यकताओं ने पुलिस से शिकायत की।



सुनील गिरी पुत्र राधे गिरी ने विवाह से पूर्व मतदान करके परिवार धर्म से पहले राष्ट्र धर्म निभाया।

# मतदान के बाद अपनी-अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आये तीनों लोकसभा उम्मीदवार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान सम्पन्न हो गया। गाजियाबाद में भी द्वितीय चरण में लोकसभा के लिए मतदान हुआ। यहां से भाजपा के अतुल गर्ग, कांग्रेस-सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा और बसपा के नन्द किशोर पुंडीर चुनावी मैदान में थे। शुक्रवार की शाम मतदान समाप्त होने के बाद करंट क्राइम ने इन तीनों ही उम्मीदवारों से बात की। तीनों उम्मीदवार अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आये। सभी ने दावा किया कि वह चुनाव जीत रहें हैं। सभी ने अपने अपने आंकड़े बताये और अपनी जीत के दावे किये।




## 6 लाख वोटों से जीत रही है भाजपा और खिल रहा है कमल : अतुल गर्ग



करंट क्राइम। लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग से दैनिक करंट क्राइम ने बात की और कम मतदान को लेकर अतुल गर्ग ने चिंता व्यक्त की। लेकिन उन्होंने दावा किया कि हमें कुल पड़े वोटों का 67% वोट मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले 50% के करीब मतदान हुआ था और इस बार 46% मतदान है।

इसकी वजह यह है कि दिल्ली में छुट्टी नहीं थी और एक बड़ी आबादी अपने रोजगार के लिए दिल्ली चली गई। लाईन पार क्षेत्र में भी पोलिंग कम हुआ है। अतुल गर्ग ने दावा किया कि यहां भाजपा का कमल खिल रहा है और भाजपा 6 लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेगी। लोनी और धौलाना को लेकर अतुल गर्ग ने कहा कि यहां कोई चिंता नहीं है वह इन दोनों विधानसभा में जीतकर आयेंगे।

## क्षेत्र की जनता, गठबंधन के साथियों और सभी कार्यकर्ताओं का आभार : डॉली शर्मा



करंट क्राइम। कांग्रेस-सपा गठबंधन से लोकसभा उम्मीदवार डॉली शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में ये दावा किया कि उन्हें क्षेत्र की जनता का भरपूर प्यार मिला है और वह चुनाव जीत रहीं हैं। डॉली शर्मा ने कहा कि चार जून को बदलाव आयेगा। गाजियाबाद की जनता ने मुद्दों पर वोट किया है। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी के गठबंधन के सहयोगियों, आम आदमी पार्टी, सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का अभार व्यक्त करती हूं। डॉली शर्मा ने कहा कि साहिबाबाद में जनता ने मेरी उम्मीदों से कहीं बढ़कर मुझे सहयोग किया है। इन क्षेत्रों में कांग्रेस के बस्तों पर भीड़ दिखाई दी है। खोड़ा और बम्हैटा जैसे क्षेत्रों में जनता ने हमें समर्थन दिया है। डॉली शर्मा ने दावा किया कि हम धौलाना और लोनी विधानसभा में चुनाव जीत रहे हैं। इसके अलावा मुरादनगर विधानसभा में कांग्रेस के बस्तों पर उमड़ी भीड़ बता रही है कि जनता अब बदलाव चाहती है। हालांकि डॉली शर्मा ने ये कहा कि गाजियाबाद विधानसभा और साहिबाबाद विधानसभा में उन्हें फाईट मिलेगी लेकिन बाकी स्थानों पर वो जीत रहीं हैं।

## जीत को लेकर 100% आश्वस्त हूं और 1 लाख के भीतर होगी जीत : नन्द किशोर पुंडीर



करंट क्राइम। बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर ने कहा कि वह अपनी जीत को लेकर 100% आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर समाज ने उन्हें पूर्ण बहुमत दिया है। हर बूथ से उन्हें वोट मिला है। बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर ने दावा किया कि धौलाना से वह 100% जीत कर निकलेंगे। मुरादनगर और लोनी में वह जीत रहे हैं। साहिबाबाद विधानसभा और शहर विधानसभा में उनकी भाजपा से बराबर की टक्कर रहेगी। नन्द किशोर पुंडीर ने दावा किया कि 1 लाख वोटों के भीतर उनकी जीत होगी।

## पॉश इलाकों में दिखी भाजपा की दस्तक, मगर कांग्रेस के बस्तों पर भी दिख रहे थे मस्तक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव के रूझान होते हैं और मतदान के दिन बस्ते सबसे बड़ा अनुमान होते हैं। बस्तों पर लगी भीड़ बताती है कि हवा किधर की बह रही है। नतीजा तो ईवीएम का बटन बतायेगा लेकिन अनुमान बस्तों की भीड भी बताती है। कई पोलिंग सेंटर ऐसे भी होते हैं जहां अन्य दलों के बस्तें ही नहीं लगते। कहीं बस्ते लगते हैं लेकिन ये खाली होते हैं। मगर इस बार पॉश कॉलोनियों से लेकर देहात के कई बूथों पर डॉली शर्मा की दस्तक सुनाई दी है। ये वो बूथ हैं जो भाजपा के बूथ माने जाते हैं। मगर यहां डॉली शर्मा भी इस बार मजबूत दिखाई दी हैं। फूल वालों के बस्तों पर भीड़ तो नजर आई है लेकिन कांग्रेस के बस्तों पर भी मस्तक दिखाई दिये हैं। बस्तों पर पर्ची लेते लोग हैं और बस्तों से रूझान दिख रहा है। करंट क्राइम ने जब पॉश इलाकों को कवर किया तो यहां फोकस में कांग्रेस के बस्ते और उन बस्तों पर दिखाई देती हलचल रही। यहां बस्तें भी लगे हैं और मूवमेंट भी हो रहा है। गोविन्दपुरम का महर्षि दयानन्द स्कूल, गरू रामदास और गौड़ होम्स सोसाइटी के पीछे बने प्राथमिक विद्यालय ऐसे बूथ रहे जहां कांग्रेस के बस्तों पर लोग थे, ये बस्ते खाली नहीं थे। जबकि ये इलाके भाजपा के गढ़ माने जाते हैं। इसी तरह चिरंजीव विहार, शास्त्रीनगर, राजनगर में शिलर स्कूल, इंग्राहम स्कूल जैसे पोलिंग केन्द्रों के बाहर लगे बस्तों पर भी कांग्रेस के बस्तों पर भीड़ थी। सदरपुर, विजयनगर, कविनगर, राजनगर एक्सटेंशन, झंडापुर, वसुंधरा, इन्दिरापुरम, कौशाम्बी, राजेन्द्रनगर, सूर्यनगर जैसे इलाकों में कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा की दस्तक सुनाई दी है। इन बस्तियो में कांग्रेस के बस्ते लगे हैं। बस्तों पर लोग दिखाई दिये हैं। भले ही यहां भाजपा के बस्तों पर भीड़ ज्यादा हो लेकिन कांग्रेस के बस्तों पर भीड़ का आना भी कुछ संकेत है। वहीं मुस्लिम इलाकों में भी कांग्रेस के बस्तों पर भीड दिखाई दी है।





कवि नगर केडीबी के कांग्रेस और भाजपा के बस्तों पर एक समान भीड़ दिखाई दी।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया 70% वोट मिलने का दावा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा देश के नंबर वन विधायक हैं। वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा में देश की सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले विधायक हैं। वो सरकार में कैबीनेट मंत्री हैं और उन्हें राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। शुक्रवार को मतदान के बाद दैनिक करंट क्राइम ने कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की। दैनिक करंट क्राइम ने कम मतदान के कारणों और जीत के अनुमान को लेकर जब सुनील शर्मा से बात की तो उन्होंने दावा किया कि यहां कुल पड़ें वोटों का 70 प्रतिशत वोट भाजपा को मिलने जा रहा है। सुनील शर्मा ने कहा कि मतदान प्रतिशत कम हुआ है लेकिन इसका भाजपा को नुकसान नहीं है। उन्होंने कहा कि साहिबाबाद विधानसभा में इस बार 42.84 प्रतिशत वोट हुआ है। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव में यहां 47 प्रतिशत वोट हुआ था। पूरे लोकसभा क्षेत्र में 6प्रतिशत मतदान कम हुआ है और साहिबाबाद विधानसभा में 5 प्रतिशत मतदान कम हुआ है। सुनील शर्मा ने मतदान प्रतिशत घटने का कारण गर्मी को बताया और कहा कि यह इलाका दिल्लीसे लगा है और दिल्ली में छुट्टी नहीं थी। नौकरी पेशा लोग अपने रोजगार पर चले गये और एक कारण तीन दिन का अवकाश भी रहा। एक बड़ी आबादी छुट्टी मनाने बाहर चली गई। सुनील शर्मा ने कहा कि भले ही वोट प्रतिशत कम हुआ है लेकिन भाजपा को नुकसान नहीं है। हमारे सभी कार्यकर्ता उत्साह में है।



कहा भाजपा को नहीं है नुकसान और जीतेंगे यहां से भाजपा उम्मीदवार

## इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने चुनावी धांधली का लगाया आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा है कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने में केंद्रीय चुनाव आयोग विफल रहा है। जब केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के लोगों के इशारे पर ही स्थानीय प्रशासन और उससे जुड़े लोगों को कार्य करना है, तो फिर कहने को कुछ शेष नहीं रह जाता। उन्होंने कहा कि सूर्यनगर इलाके में भाजपा ने सुबह हमारी टेबल हटा दी। फिर से टेबल लगी, लेकिन ये लोग बार-बार झंडे हटा देते हैं। ये क्या गुंडागर्दी नहीं है ? उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग के उच्चाधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि मैं इलेक्शन कमीशन से कहना चाहती हूं कि कृपया शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव हो, उसका इंतजाम किया जाए। भाजपा लगातार जिस तरीके से धांधली कर रही है। बीएलओ से पर्चियां छीनी गई हैं और वो भाजपा प्रत्याशी के लिफाफे में डालकर भेजी जा रही हैं, अपने आप में एक गम्भीर सवाल खड़ा करता है ?

### 'भाजपा के इशारे पर कार्य कर रहा है स्थानीय प्रशासन, लेकिन चुनाव आयोग इसे रोकने में विफल'



### डॉली शर्मा ने नाराज होकर एक्स (ट्वीटर) पर वीडियो किया टैग

करंट क्राइम। इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने आगे अपने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स (ट्वीटर) पर एक वीडियो टैग करते हुए लिखा कि ब्रिजविहार डीएवी स्कूल पर प्रतिक्रिया देखिए। भाजपा ने बीएलओ से पर्चियां छीनकर अपनी जेबों में रखी है। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा है कि @ECISVEEP ये कौन-सा चुनाव है ? इस वीडियो में एक व्यक्ति बोल रहा है कि जातिविशेष व सम्प्रदाय विशेष के इलाकों में बीएलओ ने पर्चियां बांटी ही नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं को बांटने के लिए दे दी, जिन्होंने अपने मनमाफिक कार्य किया। यह प्रशासनिक मिलीभगत का नतीजा नहीं तो क्या है ?

### डॉली शर्मा हैं अपनी जीत के लिए आश्वस्त

करंट क्राइम। डॉली शर्मा ने @ECISVEEP को टैग करते हुए लिखा है कि 2 घण्टे से बूथ संख्या 335 गाजियाबाद लोकसभा के नाहल में 2 घंटे से मशीन बन्द है। हर जगह मुस्लिम इलाकों में वोटिंग स्लो कर रखी है, वोटरों को धमकाया जा रहा है। उनकी इन टिप्पणियों पर उनके समर्थकों ने कहा है कि इससे केंद्रीय चुनाव आयोग की साख पर बट्टा नहीं तो क्या लगेगा, आप समझदार हैं ! बता दें कि उन्होंने चुनाव आयोग को इस बारे में पहले ही आगाह कर दिया था, बावजूद प्रशासनिक लापरवाही और पक्षपात सामने आया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में इंडिया गठबंधन की सुनामी चल रही है, जिसे प्रशासनिक तिकड़मों से रोका नहीं जा सकता है। हमारे कार्यकर्ता धैर्य और संयमपूर्वक अपना काम कर रहे हैं, क्योंकि वो हमारी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। हां, प्रशासनिक धांधली व पक्षपात से जीत का अंतर थोड़ा कम हो सकता है। लेकिन प्रशासनिक पक्षपात के खिलाफ विधिसम्मत लड़ाई आगे भी लड़ी जाएगी।

## पॉश इलाकों में क्यों नजर नहीं आया बसपा का बस्ता मैनेजमेंट !

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बसपा ने इस बार गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में ठाकुर कार्ड खेला। यहां बसपा ने ठाकुर नन्द किशोर पुंडीर को उम्मीदवार बनाया। उन्होंने चुनाव प्रचार भी पूरे दम के साथ किया लेकिन मतदान वाले दिन वजह जो भी रही हो लेकिन बसपा का बस्ता मैनेजमेंट कमजोर दिखाई दिया। शहर से लेकर देहात तक कई बूथ ऐसे थे जहां बसपा के बस्ते तक ही नहीं लगे। दैनिक करंट क्राइम की नजर इस पूरे चुनाव में मतदान के हर पहलू पर थी। दैनिक करंट क्राइम ने देखा कि कई ऐसे क्षेत्र थे जहां भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों के बस्ते तो थे लेकिन बसपा के बस्ते इन बूथों पर नहीं थे। बसपा की बात करें तो शहरी क्षेत्र जैसे कविनगर, राजनगर, नेहरूनगर, शास्त्रीनगर, रईसपुर, रजापुर और ग्रामीण क्षेत्रों में बसपा के बस्ते ही नजर नहीं आये। कई इलाकों में बस्ते थे लेकिन यह संख्या में कम थे। बड़ी बात ये रही कि शहरी बस्तियों में बसपा का हाथी बस्तों पर नहीं नजर आया। अब इस कमी के लिए किसका मैनेजमेंट जिम्मेदार है ये संगठन और उम्मीदवार बता सकते हैं। बस्तों से माहौल बनता है, बस्तो की भीड़ बताती है रूझान क्या है और अगर बस्तें नहीं लगे तो ये एक बड़ा सवाल है।

### बस्ता होना कोई इश्यु नहीं है और सब जगह थी सरकारी पर्ची : नन्द किशोर पुंडीर



करंट क्राइम। मतदान के दिन अगर किसी उम्मीदवार के बस्ते ही बूथों पर दिखाई नहीं दे तो क्या कहा जायेगा। बस्ते रूझान होते हैं और जब दैनिक करंट क्राइम ने बस्ते ना लगने को लेकर बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर से बात की तो उन्होंने कहा कि बस्ते लगना कोई इश्यु नहीं है और जहां तक सवाल बस्तों से मिलने वाली पर्ची का है तो बीएलओ वाली सरकारी पर्ची हर जगह पहुंची थी। उन्होंने कहा कि पॉश कॉलोनी में वोट ही नहीं डालते और जहां हमारा वोटर नहीं है वहां हमने बस्ते नहीं लगाये।

## कार्यकर्ताओं के सिर बंधेगा जीत का सेहरा : अतुल गर्ग

### 'जनता द्वारा फिर से मोदी सरकार के लिए मिल रहा स्पष्ट संकेत'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा और आरएलडी गठबन्धन के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने सुबह 7 बजे अपना वोट कवि नगर के जैनमती उजागरमल स्कूल में परिवार सहित डाला, उसके बाद घर वापस आए। भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने आगे बताया, पहले मतदान फिर जलपान के जुमले को पूरा करते हुए अतुल गग क्षेत्र भ्रमण के लिए निकल पड़े। उन्होंने गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पोलिंग बूथ पर बैठे हुए कार्यकर्ताओं से मिलकर बाकायदा स्थिति का जायजा लिया। तपती गर्मी में बैठे पर्ची दे रहे और वोट निकालने का काम कर रहे कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर अतुल गर्ग ने उनकी मेहनत को प्रणाम किया। उनके साथ बस्ते पर और अन्य जगह बैठी टोलियों के साथ हुक्का गुड़गुड़ाने का काम किया। अतुल गर्ग ने अपने कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए कहा, चारों तरफ जनता का स्पष्ट संकेत मोदी सरकार को तीसरी बार बनाने का दिखाई पड़ रहा है। बस आप सभी को जनता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए पूर्ण एकजुट होकर लगे रहना है। जीत का सेहरा आपके सिर पर ही बंधेगा।



## दिव्यांगों के जज्बे को सलाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पांच साल बाद देश की सरकार बनाने में भागीदारी निभाने का मौका मिलता है। ऐसे में मतदान के संवैधानिक अधिकार का उपयोग करना बहुत जरूरी है। अच्छे सांसद व सरकार के लिए विषम परिस्थितियों को पीछे छोड़ आगे आकर मतदान करना बहुत जरूरी है। यह कहना है वसुंधरा सेक्टर-15 में मतदान करने पहुंचे दिव्यांग भूपेंद्र का।

मकनपुर के नगर निगम कन्या विद्यालय में दोपहर सुबह करीब 7:53 बजे दिव्यांग सुरेश त्यागी अपने बेटे व पुत्रवधू के साथ मतदान करने पहुंचे। व्हीलचेयर पर बैठे सुरेश त्यागी के चेहरे पर मतदान के लिए अलग ही उत्साह नजर आ रहा था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेना हमारा अधिकार है। लोगों को देश के लिए आगे आकर मतदान करना चाहिए।

**कुष्ठ आश्रम से मतदान करने पहुंचे :** कुष्ठ आश्रम में रहने वाले दिव्यांग राजकुमार भी केला भट्टा स्थित मतदान केंद्र पर वोट करने पहुंचे। करीब दो किलोमीटर की दूरी ई-रिक्शा से तय कर उन्होंने मतदान किया। उनका कहना है कि वोट करना हमारा अधिकार है। लोगों को बढ़चढ़कर इस पर्व में हिस्सा लेना चाहिए। दूसरे कामों को छोड़कर मतदान करना बहुत जरूरी है। एक-एक वोट से हम सांसद चुनते हैं। इसके बाद चुने गए सांसद सरकार बनाते हैं। अच्छी सरकार बनाने के लिए वोट बहुत जरूरी है।

**गाजियाबाद में कुल 13719 दिव्यांग मतदाता :** गाजियाबाद लोकसभा सीट में कुल 13719 दिव्यांग मतदाता हैं। मतदान के लिए सुबह से ही दिव्यांग मतदाता पहुंचने शुरू हो गए।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन बना चिंता का सबब

जलवायु परिवर्तन का असर अब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर नजर आने लगा है। खासकर कृषि क्षेत्र इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम का मिजाज बदलने से फसलें चौपट हो रही हैं, जिसका सीधा असर खाद्यान्न की कीमतों पर पड़ रहा है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने भी माना है कि प्रतिकूल मौसम की वजह से महंगाई बढ़ सकती है।

यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। वह महंगाई को चार फीसद के नीचे रखना चाहता है। इसलिए मार्च में जब खुदरा महंगाई 4.9 फीसद दर्ज हुई तो कुछ उत्साह देखा गया था। तब रिजर्व बैंक ने दावा किया था कि वह जल्दी ही महंगाई पर काबू पा लेगा। मगर अब मौसम का रुख देखते हुए उसे लगने लगा है कि यह काम आसान नहीं होगा। अभी जब गेहूं की फसल कट कर खलिहान में पहुंची है, तो देश के अनेक इलाकों में मूसलाधार बारिश ने उसे भिगो दिया। बहुत सारा अनाज गोदाम में पहुंचने से पहले ही भीग गया। इस तरह बहुत सारा अनाज सड़ कर बर्बाद हो जाएगा। यह अब जैसे हर वर्ष का सिलसिला हो गया है। बेमौसम बारिश हजारों टन अनाज बर्बाद कर डालती है।

खुदरा महंगाई में सबसे अधिक चिंता खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों को लेकर है। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले अनाज और सब्जियों की कीमतें सामान्य आयवर्ग की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। इसकी एक वजह ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी भी है, जिससे ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है। अभी जिस तरह की वैश्विक स्थितियां हैं उसमें आपूर्ति शृंखला गड़बड़ होने से कच्चे तेल की कीमतें अनिश्चित बनी हुई हैं।

